प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 18.01.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वामित्व योजना के तहत 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड का किया वितरण, कहा–ग्रामीण सशक्तीकरण में मील का पत्थर साबित होगी यह योजना।
2. राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने की राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक, वित्तीय समावेशन से जुड़ी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।
3. कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने भाजपा पर साधा निशाना, कहा–मंईयां सम्मान योजना की चिंता छोड़ें, केन्द्र से दिलायें रॉयल्टी की बकाया राशि।
4. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार करेंगे साझा।
5. केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी कोडरमा में सांसद खेल महोत्सव के समापन समारोह में हुईं शामिल, कहा–प्रधानमंत्री ने ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को दिया बड़ा मंच।
6. हॉकी इंडिया लीग के पुरुष वर्ग में आज हैदराबाद तूफ़ान का सामना तमिलनाडु ड्रैगन्स से और टीम गोनासिका का मुकाबला यूपी रुद्राज से रांची में होगा।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से स्वामित्व योजना के अंतर्गत 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड का वितरण किया। श्री मोदी ने वर्जुअल माध्यम से दस राज्यों और दो केन्द्रशासित प्रदेशों के पचास हजार से अधिक गांवों में संपत्ति कार्ड वितरित किए। इस मौके पर उन्होंने लाभुको से संवाद किया और कहा कि यह देश के गांवों के सशक्तीकरण और सुशासन यात्रा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

*******************

राज्य सरकार ने प्रदेश में बैंकिंग सेवाएं सबके लिए आसान और सुलभ बनाने की पहल शुरु कर दी है। इस सिलसिले में आज वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने रांची में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक की। इस दौरान उन्होंने वित्तीय समावेशन से जुड़ी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। वित्त मंत्री ने बैंकों में जमा रुपये और उसके मुकाबले दिये गये ऋण की भी जानकारी ली। श्री किशोर ने बैंकों के प्रतिनिधियों से महिलाओं को आर्थिक रुप से सशक्त बनाने की दिशा में कार्य करने पर जोर दिया।

*******************

राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मंईयां सम्मान योजना पर प्रमुख विपक्षी दल भाजपा द्वारा उठाये जा रहे सवालों के बीच कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने भाजपा पर पलटवार किया है। लोहरदगा जिले में शहीद पांडेय गणपत राय जयंती समारोह में शामिल होने के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि भाजपा को इस बात की चिंता नहीं करनी चाहिए कि मंईयां सम्मान योजना के लिए पैसे कहां से आयेंगे।

*******************

एचएमपीवी वायरस के खतरे को देखते हुए कोडरमा में स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है। वायरस से निपटने के साथ–साथ वायरस से संक्रमित मरीजों के इलाज के लिए सदर अस्पताल में डॉक्टरों की टीम को तैनात कर दिया गया है और सभी को सतर्क रहने का निर्देश दिया गया है। सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार ने कहा कि इस वायरस से डरने की जरुरत नहीं लेकिन सावधानी जरुरी है।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 118वीं कडी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, एआईआर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन ए आई आर मोबाईल ऐप पर भी प्रसारित किया जाएगा। यह कार्यक्रम ए आई आर न्यूज, डीडी न्यूज, पीएमओ और सूचना प्रसारण मंत्रालय के यू ट्यूब चैनलों पर उपलब्ध रहेगा। मन की बात कार्यक्रम के हिन्दी में प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण किया जाएगा।

*******************

पाकुड़ जिले में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता—

*******************

साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने जामताड़ा जिले से तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपाधीक्षक चंद्रशेखर ने बताया कि गिरफ्तार साइबर अपराधियों के पास से आठ मोबाइल सेट, 14 फर्जी सिम कार्ड, दो एटीएम कार्ड और एक बाइक बरामद की गयी है।

*******************

केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सांसद खेल महोत्सव के जरिये ग्रामीण प्रतिभाओं को एक बेहतर मंच दिया है। वे कोडरमा के झुमरीतिलैया में सांसद खेल महोत्सव के समापन समारोह को संबोधित कर रही थीं। मौके पर उन्होंने विजेता और उपविजेता टीमों के अलावा बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरा देश सभी मोर्चों पर प्रगति कर रहा है। आज एक छोटे से मैदान से निकल कर गांव की खेल प्रतिभाएं राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं।

*******************

हॉकी इंडिया लीग के पुरुष वर्ग में आज दो मुकाबले होंगे। पहले मैच में शाम छह बजे हैदराबाद तूफ़ान का सामना तमिलनाडु ड्रैगन्स से होगा। इसके बाद रांची में सवा आठ बजे टीम गोनासिका का सामना यूपी रुद्राज से होगा। महिला वर्ग में आज कोई मैच नहीं है।

*******समाप्त*******